an>

Title: Need to constitute a committee to check pollution caused by industrial units in Wardha Parliamentary Constituency of Maharashtra.

श्री रामदास सी. तडस (वर्धा) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र वर्धा में बढ़ रहे प्रदूषण की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ। वर्धा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का कार्यस्थल रहा है। सेवाग्राम कुटिया में बापू ने अपने जीवन के कुछ साल बिताए। सेवाग्राम कुटिया राष्ट्रीय धरोहर है जिसकी स्थिति प्रदूषण के कारण बहुत ही दयनीय हो रही है। शहर में उत्तम गाल्वा स्टील प्लांट है जिससे शहर में प्रदूषण बढ़ रहा है। साथ ही देवली और एम.आर.डी.सी. तथा महालक्ष्मी इंडस्ट्रीज़ का प्रदूषण बढ़ रहा है। इसकी जाँच की आवश्यकता है। मैंने पूर्व में भी इस संदर्भ में नियम 377 के अधीन मामला उठाया था, लेकिन गोल-मटोल एवं निराधार जवाब मिला है। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। महोदया, इस समस्या के निदान करने हेतु एक कमेटी बनाकर जाँच करने की आवश्यकता है जिससे वर्धा प्रदूषण मुक्त हो।